ndif]>

Title: Need to establish a relay centre of Delhi Doordarshan at Agarmalwa in Madhya Pradesh.

श्री थावरचन्द गहलोत (शाजापुर)ः अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र जिला शाजापुर के तथा पड़ोसी रतलाम जिला और झालावाड़ जिले के बहुत बड़े क्षेत्रफल ि वशेषकर शाजापुर जिले के आगर मालवा, बडोद, सुसनेर, नलखेड़ा, सौयतकला और बड़ागांव आदि तहसीलों के किसानों एवं आम नागरिकों को दिल्ली दूरदर्शन रिले केन्द्र के कार्यक्रम नहीं दिखाई देते हैं। कारणवश इस क्षेत्र के नागरिक अत्यधिक परेशान हैं। मैंने अनेक बार माननीय मंत्री, सूचना एवं प्रकाशन विभाग से आगर मालवा में दूरदर्शन रिले केन्द्र स्थापित करने की मांग की। विभाग व तत्कालीन मंत्री महोदया ने आगर मालवा में दूरदर्शन रिले केन्द्र स्थापित करने की सिद्धान्तः सहमति भी दी थी तथा आर्थिक उपलब्धतता की स्थिति में आगर मालवा में दूरदर्शन रिले केन्द्र स्थापित करने का आश्वासन दिया था। किन्तु आज तक इस विषय में कोई स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि जनहित में आगर मालवा में शीघ्र अतिशीघ्र दिल्ली दूरदर्शन रिले केन्द्र स्थापना हेतु स्वीकृति प्रदान करें और कार्य पूर्ण करवाकर क्षेत्रवासियों को सुविधा उपलब्ध करवाने का कष्ट करें।